NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

# Jabalpur: MP में नकली नोटों का गोरखधंधा बेनकाब, 6 अरेस्ट, 1500000 के फेक नोट बरामद, लैपटॉप-प्रिंटर जब्त




**जबलपुरः** जिले में नकली नोट के अवैध कारोबार का हनुमानताल पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने नकली नोट बनाने और उन्हें खरीदकर बाजार में चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने अभी तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से 14 लाख 94 हजार रुपये के नकली नोट बरामद हुए हैं। पुलिस ने नकली नोट खरीदने वाले 3 आरोपियों को मण्डला और एक आरोपी को जबलपुर से गिरफ्तार किया है।

गोहलपुर सीएसपी सुनील नेमा से मिली जानकारी के अनुसार रवि दाहिया को मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया था। उस समय आरोपी के पास 2 लाख 94 हजार रुपये के पांच-पांच सौ के नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी जबलपुर के शुक्ला होटल के पीछे घमापुर का रहने वाला था।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/madhya-pradesh/jabalpur/jabalpur-police-exposed-fake-currency-racket-six-accused-arrested-with-mastermind-15-lakhs-counterfeit-notes-seized/articleshow/121981202.cms